# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)


**परिपत्र-3**

**सीबीएसई/सीई/एसपीपीएस/2026/2** **दिनांक: 05.03.2026**

**सेवा में,**

**प्रधानाचार्य**

**सीबीएसई से संबद्ध बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में विद्यालय।**

**विषय: मध्य-पूर्व क्षेत्रों में कक्षा X और कक्षा XII की बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में।**

**महोदया/महोदय,**

दिनांक **01.03.2026** और **03.03.2026** के परिपत्रों के अनुक्रम में, और मध्य पूर्व **(बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई)** के कुछ हिस्सों में मौजूदा स्थिति की गंभीर समीक्षा के बाद, बोर्ड ने निम्नलिखित निर्णय लिए हैं:

1. **कक्षा X की परीक्षाएं**
   क) **07.03.2026** से **11.03.2026** तक निर्धारित सभी परीक्षाएं **स्थगित** कर दी गई हैं।
   ख) **02.03.2026, 05.03.2026** और **06.03.2026** को निर्धारित परीक्षाएं, जिन्हें पहले **स्थगित** कर दिया गया था, भी रद्द रहेंगी।
   ग) मध्य पूर्व में कक्षा X के अभ्यर्थियों के लिए परिणामों की घोषणा का तरीका उचित समय पर अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

2. **कक्षा XII की परीक्षाएं**
   क) शनिवार, **07 मार्च 2026** को निर्धारित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। संशोधित तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी।
   ख) बोर्ड, **शनिवार, 07 मार्च 2026** को स्थिति की समीक्षा करेगा और सोमवार, **09 मार्च 2026** से निर्धारित परीक्षाओं के संबंध में उचित निर्देश जारी करेगा।
   ग) सभी कक्षा XII के छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्कूलों के साथ निकट संपर्क में रहें और आधिकारिक घोषणाओं का सावधानीपूर्वक पालन करें।

ह/-

**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**सूचना और आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि:**

1. **भारत के राजदूत, संयुक्त अरब अमीरात, अबू धाबी**
2. **भारत के राजदूत, सऊदी अरब किंगडम, रियाद**
3. **भारत के राजदूत, ओमान, मस्कट**
4. **भारत के राजदूत, कतर**
5. **भारत के राजदूत, बहरीन किंगडम**
6. **भारत के राजदूत, कुवैत**
7. **भारत के राजदूत, इस्लामिक गणराज्य ईरान, तेहरान**
8. **भारत के महावाणिज्य दूत, दुबई, यूएई**
9. **निदेशक, सीबीएसई आरओ और सीओई, दुबई, यूएई**